

# अग्रवाल सभा, राँची

(सोसाइटिज एक्ट पंजीकरण संख्या 192/2008-09)

स्थापित - 1977

# मंत्री का प्रतिवेदन

## वर्ष : 2018 - 2019



**कौशल राजगढ़िया**
मंत्री

सभा के माननीय अध्यक्ष आदरणीय श्री पवन कुमार पोद्दार, सभा के पदाधिकारीगण, कार्यकारिणी समिति के सदस्यगण, पूर्व अध्यक्षगण, पूर्व मंत्रीगण एवं उपस्थित सदस्यगण व अग्रबंधुओं।

सादर अभिनन्दन!

सर्वप्रथम परमपिता परमेश्वर स्वरूप अपने सतगुरू एवं महाराजा अग्रसेन जी के चरणों में नमन करते हुए सत्र 2018–2019 की प्रथम वार्षिक आमसभा में आप सभी का हार्दिक स्वागत व अभिवादन करता हूँ। आपने मुझ में विश्वास व्यक्त कर सभा के मंत्री का दायित्व सौंपा, उसके लिए आप सबका आभारी हूँ

वर्तमान कार्यकारिणी ने दिनांक 28 जुलाई 2018 को अपना कार्यभार संभाला। समाज के बुजुर्गों, इष्ट मित्रों के कुशल मार्गदर्शन तथा आप सभी के सहयोग से सभा द्वारा गत एक वर्ष में किये गये कार्यकलापों का संक्षिप्त विवरण क्रम से आपके समक्ष प्रस्तुत कर रहा हूँ।

## सभा की गतिविधियाँ

1. **दिनांक 01 अगस्त 2018 :** को सभा की महिला समिति द्वारा सावन महोत्सव सह हस्तशिल्प कला प्रर्दशनी का आयोजन किया गया। सावन महोत्सव का उद्घाटन समाज कल्याण एवं महिला विकास मंत्री डॉ0 लुईस मरांडी ने किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में श्री संजय सेठ, अध्यक्ष झारखण्ड खादी ग्रामोद्योग एवं श्री चन्द्र शेखर अग्रवाल, मेयर धनबाद उपस्थित थे। महोत्सव में काफी संख्या में बहनों द्वारा हस्तशिल्प कला प्रर्दशनी के स्टॉल लगाये गये। संयोजिका श्रीमती नीरा बथवाल एवं महिला समिति संयोजिका श्रीमती रूपा अग्रवाल सहित महिला समिति की सदस्यों ने सक्रिय योगदान दिया।

2. **दिनांक 03 अगस्त 2018 :** को सावन महोत्सव के अंतिम दिन समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह, मुख्य अतिथि डॉ0 उषा नारसरिया मनोरोग चिकित्सक के कर–कमलों द्वारा सपन्न हुआ। तीन दिवसीय महोत्सव में लगभग 110 से ज्यादा स्टॉल, बहनों द्वारा लगाए गये। मेले में 4 स्टॉल धारक महिलाओं को सभा द्वारा पुरस्कृत किया गया।

3. **दिनांक 05 अगस्त 2018 :** सावन माह के अवसर पर स्थानीय राँची पहाड़ी मंदिर परिसर में शिवभक्त कावरियों के लिए चाय–पानी हेतु शिविर लगाया गया जिसमें लगभग 5 हजार श्रद्धालुओं की सेवा की गई। इस सेवा कार्य में सहसंयोजक श्री अजय खेतान, सभा के पदाधिकारीगण एवं सदस्यों ने सक्रिय योगदान दिया।

4. **दिनांक 13 अगस्त 2018 :** को सभा द्वारा राज्यसभा के नवनिर्वाचित उपसभापति श्री हरिवंश जी का अभिनंदन उनके आवास पर जाकर किया गया। इस अवसर पर सभा के अध्यक्ष, मंत्री एवं अन्य पदाधिकारीगण सहित पूर्व अध्यक्षगण द्वारा पुष्प गुच्छ, स्मृति चिन्ह एवं अभिनन्दन पत्र देकर श्री हरिवंश जी का सम्मान किया गया।

5. **दिनांक 15 अगस्त 2018 :** राष्ट्र के 72वें स्वंतत्रता दिवस समारोह के उपलक्ष्य में भवन प्रांगण में अध्यक्ष श्री पवन पोद्दार जी ने झण्डोतोलन कर राष्ट्र के वीर सपूतों को नमन कर पुष्प अर्पित किया। उपस्थित सदस्यों एवं अतिथियों के बीच लक्की ड्रा का आयोजन सह जलपान की व्यवस्था की गई। संयोजक श्री सुनील पोद्दार ने सक्रिय योगदान दिया।

6. **दिनांक 01 सितम्बर 2018 :** को सभा द्वारा नागालैण्ड में विगत दिनों आई प्राकृतिक आपदा (बाढ़) से पीड़ित परिवारों के सहायतार्थ 51,000 हजार की राशि का चेक, सभा के अध्यक्ष, मंत्री पदाधिकारीगण एवं पूर्व अध्यक्षगण द्वारा रांची के उपायुक्त श्री राय महिमापत रे के आवास पर जाकर प्रदान किया गया।

7. **दिनांक 01 सितम्बर 2018 :** को सभा द्वारा एशियाई खेलों में रजत पदक प्राप्त करने पर झारखण्ड की बेटी सुश्री मधुमिता के रांची आगमन पर उनका भव्य स्वागत एवं अभिनन्दन किया गया। जिसमें सभा के अध्यक्ष, मंत्री, पदाधिकारीगण एवं सदस्यगण उपस्थित थे।

8. **दिनांक 5 सितम्बर 2018** : को शिक्षक दिवस के अवसर पर निवारणपुर स्थित क्षितीश मूक वधिर विद्यालय के शिक्षकों को सम्मानित किया गया। विद्यालय के 107 बच्चों के बीच गणित दौड़, चित्रांकण, रंग भरो, कशीदाकारी एवं प्रश्न मंच प्रतियोगिता का आयोजन कर विजयीं बच्चों को पुरस्कृत किया गया। सभा की ओर से भोजन की व्यवस्था भी की गई। संयोजकः श्री सोहन लाल बंसल, महिला समिति, सभा के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने सराहनीय व्यवस्था की।

9. **दिनांक 13 सितम्बर 2018** : को श्री श्याम मंडल राँची के 51 वां श्री श्याम महोत्सव हेतु निकाली गई शोभा यात्रा का सभा की ओर से श्री श्याम प्रभु की आरती कर प्रसाद लगाया गया।

10. **दिनांक 22 सितम्बर 2018** : को राष्ट्रीय शतरंज प्रतियोगिता का सभा अध्यक्ष श्री पवन पोद्दार के द्वारा उद्घाटन किया गया तथा सभा अध्यक्ष एवं मंत्री को सम्मानित किया गया

11. **दिनांक 23 सितम्बर 2018** : को 25वें (रजत) अग्रवाल वैवाहिक परिचय सम्मेलन का आयोजन भवन सभागार में आहुत किया गया। अग्र विवाह योग्य युवक/युवतियों के कुल 75 निबंधन हुए। 01 जोड़े का रिश्ता तय हुआ। उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि पद श्री गोवर्धन प्रसाद गाड़ोदिया (राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन) ने सुशोभित किया। मुख्य संयोजकः श्री भागचंद जी पोद्दार व उनकी पूरी टीम ने सक्रिय योगदान दिया। सभा की ओर से इस आयोजन हेतु उनका विशेष आभार एवं पूरी टीम को धन्यवाद।

12. **दिनांक 25 सितम्बर 2018** : सभा द्वारा झारखण्ड चेम्बर ऑफ कार्मस एण्ड इण्डस्ट्रीड के सत्र 2018–19 के विजयी हुए प्रत्याशियों के अभिनंदन समारोह का आयोजन भवन सभागार में किया गया। सभी प्रत्याशियों को पुष्पगुच्छ एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सभा के कई पदाधिकारी एवं सदस्यगण उपस्थित हुए।

13. **दिनांक 30 सितम्बर 2018** : श्री अग्रसेन जयंती के अवसर पर द्वितीय चरण में अंतर्विद्यालय प्रतियोगिताओं का उद्घाटन मुख्य अतिथिः श्री हरेन्द्र ठाकुर के कर – कमलों द्वारा हुआ। इस अवसर पर 100 से अधिक स्कूलों के लगभग 1100 बच्चों ने चित्रकला में एवं लगभग 95 बच्चों ने जस्ट ए मिनट में भाग लिया। जयंती आयोजन समिति का योगदान सराहनीय था।

14. **(क) दिनांक 2 अक्टूबर 2018** : को प्रातः 11 बजे से सभा का स्थापना दिवस, राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जयंती, लाल बहादुर शास्त्री जयंती, का आयोजन किया गया। इस अवसर पर दीप प्रज्जवलन कर महापुरूषों को श्रद्धासुमन अर्पित किया गया। अध्यक्ष पवन पोद्दार ने पूर्व अध्यक्षगण को पुष्पगुच्छ एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। मंत्री कौशल राजगढ़िया ने पूर्व मंत्रीगण को पुष्पगुच्छ एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। जयंती संयोजक : श्री नरेश बंका व उनकी टीम ने सक्रिय योगदान दिया।

    (ख) सभा द्वारा अग्र वरिष्ठजन सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि, समाजसेवी श्री हरिकृष्ण बजाज जी पधारे। सम्मान समारोह में 75 वंसत का सुखद अनुभव प्राप्त 39 बुर्जगों का सम्मान कर उनके स्वास्थ्य की जांच की गई एवं उनके साथ सहभोज का आनन्द लिया गया। संयोजक श्री नरेन्द्र नेवटिया जी ने सक्रिय योगदान दिया। स्वास्थ्य जांच हेतु नागरमल मोदी सेवा सदन के द्वारा निःशुल्क चिकित्सक टीम एवं पारा मेडिकल के सदस्य उपलब्ध कराये गये। सभा सेवा सदन के प्रति आभार व्यक्त करती है।

15. **(क) दिनांक 06 अक्टूबर 2018** : को श्री अग्रसेन जयंती के अवसर पर महिला गोष्ठी का आयोजन ( विषयः सोशल मीडिया की आंधी में बच्चों की परिवरिशः एक चुनौती) पर हुआ। संयोजिका नीरा बथवाल व श्रीमती गीता डालमिया ने सक्रिय योगदान दिया। इस गोष्ठी में काफी संख्या में महिलाओं ने भाग लिया।

    (ख) संध्या 6.00 बजे से अंतर्विद्यालय प्रतियोगिता के विजयी प्रतिभागियों के बीच पुरस्कार वितरण किया गया। इस अवसर पर विजयी प्रतियोगी एवं उनके अभिभावक आयोजन में सम्मलित हुए। सभा की ओर से अल्पाहार की विशेष व्यवस्था की गई। इस अवसर पर सभा के पदाधिकारी, पूर्व अध्यक्षगण एवं सदस्य उपस्थित थे।

16. **दिनांक 07 अक्टूबर 2018** : को श्री अग्रसेन जयंती के अवसर पर तृतीय चरण की प्रतियोगिताओं का उद्घाटन मुख्य अतिथि श्री सुरेश चन्द्र अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष ने दीप प्रज्जवलन कर के किया। चित्रकला में 63 बच्चें, कविता पाठ में 53 बच्चे, फैन्सी ड्रैस में 26 बच्चों ने भाग लिया। जयंती आयोजन समिति टीम ने भरपूर योगदान दिया।

17. **(क) दिनांक 10 अक्टूबर 2018 :** को कुल प्रवर्तक महाराजा श्री अग्रसेन की जयंती के दिन लालपुर स्थित अग्रसेन चौक स्मारक पर प्रातः 6 बजे प्रभात फेरी सह पुष्पांजलि का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाराजा श्री पर पुष्प अर्पित एवं जयघोष के पश्चात् प्रसाद वितरण किया गया। संयोजक श्री नरेश बंका एवं जयंती टीम ने सक्रिय योगदान दिया।

(ख) इसी दिन प्रातः 10 बजे भवन सभागार में महाराजा श्री अग्रसेन की पूजा, हवन और प्रसाद वितरण का आयोजन किया गया। इस आयोजन में मुख्य यजमान सभा के मंत्री कौशल राजगढ़िया ने सपत्नीक विधिवत पूजन कराया । काफी संख्या में अग्रबंधु उपस्थित थे।

(ग) अपराहन 3 बजे जयंती समारोह का मुख्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि श्री सरयू राय (खाद्य आपूर्ति मंत्री, झारखण्ड सरकार), एवं मुख्य वक्ता श्री चन्द्रशेखर अग्रवाल (मेयर धनबाद) उपस्थित हुए। इस अवसर पर काफी संख्या में अग्रबंधुगण उपस्थित थे।

(घ) संध्या 5.30 बजे प्रतिभा प्रोत्साहन व सम्मान समारोह में समाज के मेधावी छात्र–छात्राओं को विशिष्ट शैक्षणिक उपलब्धि व अंक प्राप्त हेतु पुरस्कृत किया गया। संयोजक श्री अशोक नारसरिया व श्री अनिल कुमार अग्रवाल ने सक्रिय योगदान दिया तथा पूर्व अध्यक्ष श्री रतन लाल बंका को सभा के सर्वोच्च सम्मान ''श्री अग्रसेन सम्मान'' से सम्मानित किया गया। इसके उपरांत तीन सामाजिक संस्थाओं– जिन्दगी मिले दुबारा, ओल्ड एज होम एवं मुक्ति संस्था के क्रमशः श्री अश्विनी राजगढ़िया, श्रीमती सुशीला गुप्ता एवं श्री प्रवीण लोहिया को उल्लेखनीय सामाजिक कार्य करने हेतु विशेष रूप से सम्मानित किया गया।

(ङ) संध्या 7.00 बजे से सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भवन सभागार में किया गया। विजयी प्रतियोगियों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया। श्रीमती बबीता नारसरिया एवं उनकी टीम ने सक्रिय योगदान दिया। इसके पश्चात् संध्या 8 बजे से सहभोज का आयोजन किया गया जिसमें समाज के काफी लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।

18. **दिनांक 30 अक्टूबर 2018 :** को सभा द्वारा निवारणपुर स्थित क्षितीश मूक वधिर विद्यालय के 2 बच्चों की शिक्षा हेतु 15,000 रू0 की राशि सहायार्थ प्रदान की गई। जिसमें एक बच्चे को सहायतार्थ राशि श्री पवन बजाज जी के द्वारा दी गई।

19. **दिनांक 4 नवम्बर 2018 :** को सेठ जमनालाल बजाज जयंती भवन सभागार में मनाई गई। जिसमें काफी संख्या में सदस्यों की सहभागिता रही। स्मृति प्रेरणा समिति के संयोजक श्री नन्द किशोर पाटोदिया व श्री वासुदेव अग्रवाल ने सक्रिय योगदान दिया।

20. **दिनांक 07 नवम्बर 2018 :** को दीपावली के पावन पर्व के अवसर पर श्री गणेश–लक्ष्मी मूर्ति का पूजन भवन कार्यालय में किया गया। सभा के पाण्डेय जी ने विधिवत् पूजन कार्य करवाया।

21. **दिनांक 08 नवम्बर 2018 :** को मारवाड़ी सहायक समिति के संयुक्त तत्वावधान में अग्रवाल सभा द्वारा दीपावली मिलन समारोह सम्पूर्ण मारवाड़ी समाज के सान्निध्य में बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर काफी संख्या में समाज बंधुओं की उपस्थिति रही।

22. **दिनांक 19 नवम्बर 2018 :** को 25वें (रजत) सामूहिक विवाह का आयोजन भवन सभागार में हुआ। दो – दिवसीय आयोजन में सभा के सदस्यों ने सक्रिय योगदान दिया। इस आयोजन में कुल 3 जोड़ों का विवाह हुआ। तुलसी विवाह के यजमान उपमंत्री श्री मंजीत जाजोदिया ने सपत्नीक पूजन कार्य कराया। यह वृहद आयोजन मुख्य संयोजक श्री भागचंद जी पोद्दार एवं उनकी टीम के कुशल नेतृत्व में संपन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि वरिष्ट समाजसेवी श्री विद्याधर शर्मा जी उपस्थित थे।

23. **दिनांक 21 नवम्बर 2018 :** को गुरू पर्व प्रकाश उत्सव के पावन अवसर पर सभा द्वारा स्वागत शिविर का आयोजन स्थानीय मेन रोड में किया गया। पंचप्यारे को पुष्पमाला पहनाकर स्वागत किया गया। संयोजक श्री सज्जन पाड़िया व श्री अजय खेतान ने सक्रिय योगदान दिया।

24. **दिनांक 25 से 27 नवम्बर 2018 :** को सभा द्वारा निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन चंडीगढ़ निवासी पूज्य श्री विरेन्द्र शर्मा जी के सहयोग से किया गया। इस तीन दिवसीय सेवा शिविर में लगभग 700 मरीजों को लाभ पहुंचा। सभा द्वारा गुरू जी से पुनः राँची के नागरिकों को अपनी निःशुल्क निष्काम सेवा जल्द से जल्द प्रदान करने का आग्रह किया गया। कार्यक्रम के संयोजक श्री अशोक नारसरिया, सहसंयोजक श्री मंजीत जाजोदिया एवं पूरी टीम ने सक्रिय योगदान दिया।

25. **दिनांक 02 दिसम्बर 2018** : को सभा द्वारा साध्वी सरस्वती जी के भवन सभागार में आगमन पर पुष्पगुच्छ एवं माल्यार्पन कर अभिनन्दन एवं स्वागत किया गया।

26. **दिनांक 09 दिसम्बर 2018** : को सभा में मानवाधिकार दिवस के पूर्व दिवस पर संगोष्ठी एवं कार्यशाला का आयोजन भवन सभागार में किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में श्री कमाल खान (अध्यक्ष, अल्पसंख्यक आयोग) एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में श्री संजीव विजयवर्गीय (उपमहापौर, रांची नगर निगम) एवं श्री संजय कुमार विद्रोही (सचिव, रांची जिला बार ऐसोशिएशन सहित अनेक मानवाधिकार कार्यकर्ता, अधिवक्तागण एवं समाजसेवी बन्धुगण उपस्थित हुए। उपरोक्त कार्यक्रम में न्यायस्तम्भ के पदाधिकारियों एवं सभा सदस्यों का सहयोग रहा।

27. **दिनांक 11 दिसम्बर 2018** : को सभा के द्वारा अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री संतोष जी सर्राफ के रांची आगमन पर पुष्पगुच्छ देकर उनका अभिनन्दन एवं स्वागत किया गया।

28. **दिनांक 05 जनवरी 2019** : को सभा द्वारा जीण माता प्रचार समिति के द्वारा निकाली गई शोभायात्रा का स्वागत पोद्दार एण्ड सन्स के बाहर सेवा शिविर लगा कर किया गया। जिसमें दुर्गा स्वरूपा आदिशक्ति श्री जीण माता जी की आरती उतार कर प्रसाद लगाया गया। एवं भक्तों के बीच प्रसाद वितरण किया गया। संयोजक श्री सज्जन पाड़िया व श्री अजय खेतान ने सक्रिय योगदान दिया।

29. **दिनांक 15 जनवरी 2019** : को मकर सक्रांति के पावन अवसर पर आश्रितो के सहायतार्थ तिलकुट एवं मसाला खिचड़ी का वितरण आंचल शिशु आश्रम, एवं गुरूनानक पोलियो होम में किया गया। संयोजक श्री सज्जन पाड़िया व अन्य सदस्यों ने सक्रिय योगदान दिया।

30. **दिनांक 26 जनवरी 2019** : को गणतंत्र दिवस के अवसर पर भवन परिसर में झण्डोतोलन अध्यक्ष श्री पवन पोद्दार ने किया। राष्ट्र के वीर – सपूतो को नमन एवं पुष्प अर्पित किये गये। संयोजक श्री अजय डिडवानिया ने सक्रिय योगदान दिया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में सभा के सदस्य उपस्थित हुए।

31. **दिनांक 30 जनवरी 2019** : को सभा द्वारा प्रसिद्ध जैन संत ज्ञानाचार्य 108 श्री विराग सागर जी महाराज के रांची आगमन पर दिगम्बर जैन पंचायत द्वारा निकाली गई शोभा यात्रा का स्वागत विनायका एजेंसी, शहीद चौक के समक्ष किया गया। संयोजक श्री सज्जन पाड़िया एवं अन्य सदस्यों ने सक्रिय योगदान दिया।

32. **दिनांक 17 फरवरी 2019** : को सभा द्वारा पुलवामा आंतकी हमले में शहीद हुंए 40 वीर सपूतों के आत्मा की शांति के लिए श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया एवं कैण्डल जलाकर अपनी संवेदना व्यक्त की गई। जिसमें सभा के पदाधिकारीगण, पूर्व अध्यक्षगण व सदस्यगण उपस्थित हुए।

33. **दिनांक 18 फरवरी 2019** : को सभा द्वारा पुलवामा आंतकी हमले में शहीद हुंए झारखण्ड के लाल गुमला जिले के बसिया निवासी वीर सपूत विजय सोरेंन के पैतृक गांव में जाकर श्रद्धांजलि दी गई एवं उनकी पत्नी को सभा की ओर से अध्यक्ष श्री पवन पोद्दार के द्वारा एक लाख रूपये का चेक सहायतार्थ सौंपा गया। मौके पर श्री ललित पोद्दार, श्री विनोद जैन, श्री रतन मोर, श्री अनिल कुमार अग्रवाल, श्री अशोक लाठ एवं श्री मंजीत जाजोदिया उपस्थित हुए।

34. **दिनांक 04 मार्च 2019** : को महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर शिव बारात समिति की शोभायात्रा एवं झांकी में अग्रवाल टी कम्पनी के बाहर सेवा शिविर लगाया गया। जिसमें हजारों शिव भक्तों का शर्बत एवं पुष्पमाला से स्वागत किया गया। सह – संयोजक श्री अजय खेतान एवं कई पदाधिकारीयों एवं सदस्यों ने सक्रिय योगदान किया।

35. **दिनांक 05 मार्च 2019** : को सेवा निवृत्त जनरल (डॉ.) बी.के.सिह, केन्द्रीय विदेश राज्य मंत्री, भारत सरकार के रांची आगमन पर सभा द्वारा राजकीय अतिथिशाला में जाकर श्री सिंह को शॉल व स्मृति चिन्ह प्रदान कर उनका अभिनन्दन किया गया। इस अवसर पर सभा अध्यक्ष, मंत्री, पूर्व अध्यक्ष श्री गोवर्धन प्रसाद गाड़ोदिया, श्री रतन लाल बंका एवं सदस्यगण उपस्थित हुए।

36. **दिनांक 21 मार्च 2019** : को मारवाड़ी सहायक समिति के संयुक्त तत्वावधान में सम्पूर्ण मारवाड़ी समाज के होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें सभा के सभी पदाधिकारीगण व सदस्यगण सम्मिलित हुए।

37. **दिनांक 23 मार्च 2019 :** को सभा कार्यालय में डा. राम मनोहर लोहिया जयंती का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सभा के पदाधिकारीयों एवं सदस्यों ने उपस्थित होकर डॉ. लोहिया के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजली दी। श्री प्रभाकर अग्रवाल ने कार्यक्रम का संचालन किया। जिसमें सह संयोजक श्री बासुदेव अग्रवाल ने सक्रिय भूमिका निभाई। मुख्य वक्ता डॉ लोहिया के सहयोगी रहे श्री देवकीनन्दन जी नारसरिया को डॉ. लोहिया का चित्र प्रदान कर उनका अभिनन्दन किया गया। मुख्य वक्ता के रूप में उन्होंने डॉ. लोहिया के विषय में विस्तृत जानकारी दी तथा उन्होनें डॉ. लोहिया के साथ अपने व्यक्तिगत संबंधों पर प्रकाश डाला एवं कई प्रसंगों की चर्चा की।

38. **दिनांक 25 मार्च 2019 :** को सभा द्वारा वनवासी बच्चों की शिक्षा हेतु वनवासी कल्याण केन्द्र, रांची को 13 हजार रूपये की सहायतार्थ राशि चेक के द्वारा प्रदान की गई।

39. **दिनांक 25 मार्च 2019 :** को श्री रमेश धरनीधरका के सहयोग से सभा द्वारा एस.एस. मेमोरियल कॉलेज, कांके रोड में सोलर पावर सिस्टम श्री पवन बजाज के निर्देशन में लगाया गया।

40. **दिनांक 08 अप्रैल 2019 :** को प्रकृति पर्व सरहुल के अवसर पर स्थानीय मेन रोड में सेवा शिविर लगाया गया। जिसमें श्रद्धालुओं के बीच पेयजल एवं चना का वितरण किया गया। सभा के कई पदाधिकारीगण व सदस्यगण मौके पर उपस्थित हुए।

41. **दिनांक 13 अप्रैल 2019 :** को मर्यादा पुरूषोतम भगवान श्री राम के जन्मोत्सव रामनवमी के पावन अवसर पर मेन रोड में सेवा शिविर लगाया गया। जिसमें श्रद्धालुओं के बीच पेयजल एवं घुघनी चना का वितरण किया गया। सभा के कई पदाधिकारीगण व सदस्यगण मौके पर उपस्थित हुए।

42. **दिनांक 22 अप्रैल 2019 :** को सभा द्वारा सरस्वती शिशु मंदिर, बिनगांव, कर्रा (खूंटी) के अध्यक्ष के आग्रह पर 3 कम्प्यूटर (सभा के कम्प्यूटर अकादमी में स्वचालित कम्प्यूटर) उपहार स्वरूप प्रदान किया गया।

43. **दिनांक 01 मई 2019 :** को सभा द्वारा झारखण्ड चेम्बर ऑफ कॉमर्स के सभागार में माननीय केंद्रीय मंत्री श्री पियूष गोयल जी (रेलवे एवं कोल विभाग) का पुच्छगुच्छ व शॉल से अभिनन्दन एवं स्वागत किया गया। जिसमें सभा के वरीय उपाध्यक्ष श्री रतन मोर मंत्री सहित कई पदाधिकारीगण व पूर्व अध्यक्षगण उपस्थित हुए।

44. **दिनांक 12 मई 2019 :** डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी को पद्मश्री से सम्मानित होने पर सभा द्वारा श्री मुखर्जी के आवास पर जाकर उन्हें स्मृति चिन्ह, पुच्छगुच्छ व शॉल प्रदान कर उनका अभिनन्दन एवं स्वागत किया गया। जिसमें सभा के अध्यक्ष, मंत्री सहित श्री मंजीत जाजोदिया, श्री प्रमोद अग्रवाल, श्री पवन कुमार कनोई उपस्थित हुए।

45. **दिनांक 24, 25 एवं 26 मई 2019 :** को अग्रवाल सभा की महिला समिति द्वारा समर कैम्प का आयोजन भवन सभागार में किया गया। इस कैंप का उद्घाटन सभा के अध्यक्ष एवं मंत्री ने संयुक्त रूप से किया। समर कैम्प में लगभग 80 बच्चों ने भाग लिया एवम् कैंप का आनन्द व लाभ उठाया। समर कैम्प के आयोजन में महिला समिति के सदस्यों ने अपना सक्रिय योगदान दिया।

46. **दिनांक 24 मई 2019 :** को सभा द्वारा रांची लोकसभा सीट के विजयी प्रत्याशी माननीय श्री संजय सेठ की विजयी शोभायात्रा का स्वागत स्थानीय गोबिन्द भवन के समीप पुष्पवर्षा, मिठाई, शरबत व पुष्पमाला पहनाकर किया गया। इस अवसर पर कई पदाधिकारीगण एवं सदस्य उपस्थित हुए।

47. **दिनांक 22 जून 2019 :** को सभा द्वारा सेवा प्रकल्प के अन्तर्गत पिस्का मोड़ स्थित बालाश्रय को अनाज प्रदान किया गया।

48. **दिनांक 04 जुलाई 2019 :** को सभा द्वारा रथ यात्रा के पावन अवसर पर जगन्नाथपुर मंदिर प्रांगण में दर्शनार्थियों हेतु सस्ती दर पर पूड़ी–सब्जी का सेवा शिविर लगाया गया। इस शिविर से लगभग 5000 दर्शनार्थियों ने लाभ प्राप्त किया। इस अवसर पर सभा के कई पदाधिकारीगण व सदस्यगण उपस्थित होकर सेवा शिविर को सफल बनाया। (आज की बैठक में इस प्रतिवेदन को अनुमोदित किया गया, इसके बाद के 3 संभावित कार्य आम सभा के पूर्व सम्पादित हो जाएंगे, इसकी पूरी संभावना है।)

49. **दिनांक 17 जुलाई 2019 :** को सभा की महिला समिति द्वारा सावन महोत्सव का आयोजन किया गया। महोत्सव की मुख्य अतिथि रांची विश्वविद्यालय की प्रतिकुलपति डॉ. कामिनी कुमार ने उद्घाटन किया। महोत्सव में काफी संख्या में बहनों द्वारा हस्तशिल्प कला प्रर्दशनी का स्टॉल लगाया गया। संयोजिका श्रीमती नीरा बथवाल एवं महिला समिति संयोजिका श्रीमती रूपा अग्रवाल सहित महिला समिति की सदस्यों ने सक्रिय योगदान दिया।

50. **दिनांक 19 जुलाई 2017 :** को सावन महोत्सव के अंतिम दिन समापन सह पुरस्कार वितरण समारोह की मुख्य अतिथि श्रीमती पुष्पा भुवालका (उपाध्यक्ष झारखण्ड बाल कल्याण परिषद) के कर–कमलों द्वारा सपन्न हुआ। तीन दिवसीय महोत्सव में लगभग 100 से ज्यादा स्टॉल बहनों द्वारा लगाए गये। महोत्सव में 4 स्टॉल धारक महिलाओं को सभा द्वारा पुरस्कृत किया गया।

51. **दिनांक 22 जुलाई 2019 :** सावन उत्सव के अवसर पर स्थानीय राँची पहाड़ी मंदिर परिसर में शिवभक्त कांवरियों के लिए चाय हेतु शिविर लगाया गया जिसमें श्रद्धालुओं को चाय पिलाई गई। इस सेवा कार्य में संयोजक श्री सज्जन पाड़िया व श्री अजय खेतान व सभा के अध्यक्ष, मंत्री, सदस्यों व सेवाधारियों ने सक्रिय योगदान दिया।

## उप–समितियाँ एवं उनकी उपलब्धियाँ

1. **वैवाहिक समिति :** संयोजक श्री भागचन्द जी पोद्दार के सशक्त नेतृत्व में यह समिति एक के बाद एक नई उपलब्धियां हासिल कर रही है । इनके नेतृत्व में 25 वर्ष पूर्व पहली बार सम्पूर्ण पूर्वी भारत में अग्रवाल वैवाहिक परिचय सम्मेलन एवं सामूहिक विवाह का प्रथम आयोजन अग्रवाल सभा, राँची के तत्वावधान में आयोजित किया गया एवं लगातार मार्गदर्शन व संयोजकत्व करते हुए समाज को एक नयी दिशा दे रहे हैं। आयोजन के स्वरूप में परिवर्तन की योजना को मूर्त रूप दिया जा रहा है। आज तक श्री पोद्दार जी के नेतृत्व में परिचय सम्मेलन में 2,867 परिवार का पंजीकरण एवं 315 जोड़ें का सामूहिक विवाह कराया गया है।

2. **अग्रसेन उद्यान निर्माण समिति :** संयोजक श्री गोवर्धन प्रसाद गाड़ोदिया एवं श्री रतन लाल बंका अग्रसेन उद्यान निर्माण के लिए प्रयत्नशील है। राँची शहर स्थित बड़ा तलाब के निकट भूमि अर्जित कर अग्रसेन उद्यान के लिए निरंतर प्रयासरत है तथा राँची रेलवे स्टेशन में नव निर्माण हो रहे, मुख्य द्वार के सामने अग्रसेन उद्यान निर्माण की योजना है।

3. **सहायता समिति :** संयोजक श्री ओमप्रकाश अग्रवाल के दिशा निर्देशन में समाज के जरूरत मन्द व्यक्तियों को सहायता प्रदान की गयी। सहायता प्राप्त व्यक्तियों का नाम गुप्त रखा गया, ताकि किसी के आत्मसम्मान को चोट न पहुँचे इसका ध्यान रखा गया है।

4. **भवन निर्माण समिति :** निवर्तमान अध्यक्ष श्री विनोद जैन पूरी निष्ठा के साथ भवन में शेष बचे, निर्माण कार्य को सम्पादित करने में लगे हुए है।

5. **भवन आरक्षण :** संयोजक श्री रतन कुमार मोर पूरी निष्पक्ष एवं पारदर्शिता के साथ भवन आरक्षण का कार्य निरंतर कर रहे है।

6. **प्रतिभा सम्मान एवं प्रोत्साहन समिति :** संयोजक श्री अशोक नारसरिया एवं सह संयोजक श्री अनिल कुमार अग्रवाल समिति संयोजक के रूप में बहुत निपुणता से अपनी कार्य को निभाया है। समाज के प्रतिभावान सम्पन्न बच्चे , प्रतिभा प्रोत्साहन पुरस्कार से कहीं वंचित न रह जायें इस बात का उन्होंने विशेष ध्यान रखा है। जयंती अवसर पर मेघावी व उत्कृष्ठ अंक प्राप्त करने वाले बच्चों को सम्मानित किया गया एवं आने वाली जयंती समारोह 2019 में भी किया जाएगा, जिसपर कार्य प्रारंभ किया जा चुका है।

7. **संविधान संशोधन समिति :** संयोजक श्री पवन बजाज बहुत ही अनुभवी हैं। संविधान के नियमों एवं वर्तमान परिस्थितियों की जरूरतों का विश्लेषण करने में समिति सक्रिय है एवं सदस्यों से प्राप्त सुझावो के उपरान्त प्रक्रिया के अनुरूप आवश्यकता अनुसार संविधान में संशोधन किया जाएगा।

8. **भवन व्यवस्था :** संयोजक श्री विजय सरायका एवं सह संयोजक श्री सुरेश चौधरी द्वारा भवन व्यवस्था कार्य को सुचारू रूप से किया जा रहा है । इस वर्ष पूरे भवन के रख रखाव में काफी सुधार किया गया। जिसमें मरम्मत कार्य, वास्तुभंडार समाग्री, साफ–सफाई एवं अन्य का विशेष ध्यान दिया गया है।

9. **पुस्तकालय व सांस्कृतिक समिति :** संयोजक श्री नरेन्द्र नेवटिया ने इस समिति को अपने अथक प्रयासों से सभा की सांस्कृतिक गतिविधियां एक नये आयाम तक पहुँचाई हैं एवं श्री अग्रसेन साहित्य प्रकोष्ठ में नियमित बहुमूल्य सेवा प्रदान कर रहे है।

10. **श्री अग्रसेन कम्प्युटर अकादमी :** कार्यकारिणी के निर्णयानुसार अप्रैल 2019 से कम्प्युटर अकादमी को स्थायी रूप से बन्द कर दिया गया।

11. **अग्रेसर व स्मारिका समिति :** गृह पत्रिका अग्रेसर के संयोजक श्री शंभु चुड़ीवाला के संयोजकत्व में अग्रेसर मल्टीकलर (रंगीन) में प्रकाशित हो रही है। अग्रेसर का प्रथम अंक मई में प्रकाशित किया गया है तथा द्वितीय अंक अगामी अग्रसेन जयंती 2019 के पूर्व प्रकाशित किया जाएगा।

*महान कार्य करने के लिए उमंग–उत्साह को अपना साथी बनाइये ।*

12. **सदस्यता समिति** : संयोजक श्री अनिल अग्रवाल एवं सह संयोजक श्री सुनील पोद्दार के सार्थक प्रयास से इस वर्ष 2018–19 में समाज के 61 सदस्यों ने आजीवन सदस्यता ग्रहण की। (31 मार्च 2019 तक) वर्तमान में सभा के 7 संरक्षक सदस्य, 2128 आजीवन सदस्य एवं 77 साधारण सदस्य हैं । कुल सदस्य संख्या 2212 हैं। एक वर्ष में सदस्यों की संख्या मे उल्लेखनीय वृद्धि हुई है।

13. **स्मृति एवं प्रेरणा समिति** : संयोजक श्री नन्द किशोर पाटोदिया एवं श्री वासुदेव अग्रवाल ने समाज के महापुरूषों की स्मृति बनाये रखने तथा उनसे प्रेरणा लेने के उद्देश्य से गठित इस समिति द्वारा सेठ जमनालाल बजाज जयन्ती, डा. राममनोहर लोहिया जयन्ती, सभा स्थापना दिवस, गांधी जंयती एवं शास्त्री जंयती का आयोजन धूमधाम से किया है।

14. **पेयजल सेवा समिति संयोजक श्री अनिल कुमार अग्रवाल व श्री किशन कुमार पोद्दार ने सभा द्वारा संचालित 15 स्थायी प्याऊ की देख** रेख निरंतर कर रहे है। समिति के कुशल नेतृत्व में इस वर्ष 03 स्थायी प्याऊ बनाने की योजना है।

15. **आशीर्वाद व संवेदना पत्र समिति** : संयोजक श्री शिव कुमार भावसिंहका व श्री विनोद टिबड़ेवाल है। यह समिति समाज में अग्रजनों के निधन पर संवेदना पत्र प्रेषित करती है। इस समिति के नेतृत्व में अभी तक कुल 83 अग्रबंधुगण के निवास स्थान पर जाकर शोक संवेदना प्रकट की गई। इनकी विशेष कार्यकुशलता के लिए आभार व्यक्त करते हैं।

16. **जल संरक्षण व पर्यावरण समिति** : संयोजक श्री प्रमोद अग्रवाल व श्री भरत बगड़िया जल संरक्षण व पर्यावरण को बढ़ावा देने के प्रति समाजिक जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से भवन परिसर में जल संरक्षण संयन्त्र लगाया गया है। जल्द ही पर्यावरण पर शहर में भी समिति द्वारा कार्य किया जाएगा।

17. **सेवा समिति** : संयोजक श्री सजज्न पाड़िया व श्री अजय कुमार खेतान इस समिति के अन्तर्गत मकर संक्राति पर भोजन वितरण , रथ मेला पर सस्ती पूड़ी– सब्जी का शिविर लगाया गया । रामनवमी पर चना घुघनी वितरित किया गया। बालिका विद्यालय एवं गुरूनानक स्कूल में बच्चों के बीच भोजन वितरण जैसे अनेक महत्वपूर्ण कार्य किए गये । अन्य धार्मिक, समाजिक आयोजनो में सेवा शिविर लगाया गया एवं आगे भी कई वृहत सेवा कार्य करने की योजना है।

18. **महिला समिति** : संयोजिका श्रीमती रूपा अग्रवाल व श्रीमती अनुसुया नेवटिया ने अपनी महिला सदस्यों के साथ सभी कार्यों को पूरी सक्रियता से किया है । समय–समय पर इस समिति की बैठकें होती हैं। सावन मेला , समर कैम्प एवं अन्य कार्यक्रमों के माध्यम से इस समिति ने समाज की महिलाओं में जागृति पैदा कर आत्मविश्वास बढ़ाया है ।

19. **युवा समिति** : संयोजक श्री कन्हैया लाल भरतिया व श्री अजय डिडवानिया द्वारा जल्द ही युवा वर्ग को जोड़ने व कुशल मार्गदर्शन हेतु, आयोजन करने को प्रयासरत है।

20. **स्वास्थ्य चिकित्सा समिति** : संयोजक श्री प्रदीप राजगढ़िया व श्री पवन कनोई द्वारा स्थापना दिवस पर चिकित्सा शिविर लगाया गया। भविष्य में सुदुर गांव में वृहद् चिकित्सा शिविर लगाने की योजना है।

21. **अग्रसेन स्मारक समिति संयोजक श्री प्रमोद सिंघानिया व श्री अशोक लाठ के कुशल निर्देशन में अग्रसेन चौक की देख** रेख एंव सफाई की व्यवस्था सुचारू रूप से चल रही है।

22. **व्यक्तित्व विकास समिति** : संयोजक श्री प्रभाकर अग्रवाल के नेतृत्व में व्यक्तित्व विकास समिति द्वारा कार्यक्रम हेतु बैठकें की जा रही है। समिति को प्रोत्साहन देने की आवश्यकता है तथा कई तरह की कार्यशाला को मूर्तरूप दिया जाएगा।

23. **मीडिया व प्रचार** : संयोजक श्रीमती अन्नु पोद्दार व श्री अमर अग्रवाल द्वारा समय समय पर निरंतर सभा की गतिविधियों आयोजनों व कार्यकलापों की सूचना समाचार पत्रों व विजुअल मिडिया के माध्यम से प्रचारित व प्रसारित किया जा रहा हैं।

24. **संचार व बेवसाइट समिति** : संयोजक श्री कमल खेतावत व श्री राजेश कसेरा संचार में सभा का मैसेज निर्माण कर गतिविधियों, आयोजनो को प्रेषित करने में सक्रिय योगदान दे रहे है तथा सत्र 2018–20 में सभा की समस्त गतिविधियां वेबसाइट पर समय–समय पर अद्यतन हो रही है।

25. **खेलकूद समिति** : श्री सौरव बजाज व श्री अखिल टिकमानी इस समिति के संयोजक हैं तथा कई आयोजन करने पर समिति प्रयास कर रही हैं।

*नम्र बनो तो लोग नमन करते हुए सहयोग देंगे।*

## आभार

सर्वप्रथम परमपिता परमेश्वर स्वरूप अपने सतगुरू एवं महाराजा अग्रसेन जी को हार्दिक धन्यवाद एवं आभार प्रकट करता हूं जिनके आर्शीवाद से मुझे सभा तथा समाज की सेवा करने का अवसर प्राप्त हुआ, नही तो मेरी इतनी क्षमता नहीं थी कि मैं अपनी सेवा दे संकू तथा उनके स्नेह–आर्शीवाद से, अग्रवाल सभा, रांची द्वारा विभिन्न तरह के आयोजन किये जाते है। विशाल आयोजन कुछ सदस्यों या व्यक्तियों की वश की बात नहीं है। सभा के प्रत्येक आयोजन में सभी सदस्यों एवं समाज का सहयोग हमें मिलता है। प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से इन आयोजनों को मूर्त रूप देने में हमें जिनका भी सहयोग मिला, मै उन सब का आभारी हूं।

हमारे पूर्व अध्यक्ष श्री भागचन्द्र पोद्दार, श्री किशनलाल चौधरी, श्री राजकिशोर मोदी, श्री गोवर्धन प्रसाद गाड़ोदिया, श्री रतनलाल बंका, श्री राजकुमार केडिया, श्री ओमप्रकाश अग्रवाल, श्री चण्डी प्रसाद डालमिया, श्री सुरेश चन्द्र अग्रवाल, श्री राजेन्द्र केडिया, श्री ललित कुमार पोद्दार, श्री विश्वनाथ जाजोदिया, डा. ओमप्रकाश प्रणव, श्री अशोक कुमार नारसरिया एवं निवर्तमान अध्यक्ष श्री विनोद कुमार जैन तथा हमारे पूर्व मंत्रीगण सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति श्री रमेश मेरठिया, श्री श्याम सुन्दर बजाज, श्री छोटे लाल जैन, श्री प्रमोद कुमार अग्रवाल, श्री मनोज बजाज एवं श्री रतन कुमार मोर हमारे प्रेरणा सम्बल है। इन सबों का मार्गदर्शन हमें मिलता रहा। आप सभी का मैं हदय से आभारी हूँ।

सभा अध्यक्ष श्री पवन कुमार पोद्दार, वरीय उपाध्यक्ष श्री रतन कुमार मोर, उपाध्यक्ष श्री नारायण प्रसाद पटवारी, उपमंत्री श्री मंजीत जाजोदिया व श्री रामा शंकर बगड़िया, कोषाध्यक्ष श्री मनीष टांटिया, आंतरिक अंकेक्षक श्री मनोज कुमार चौधरी सहित सभी कार्यकारिणी सदस्यों का हदय से आभार प्रकट करता हूँ, जिनके अथक सहयोग एवं मार्गदर्शन से भवन की गतिविधियों एवं कार्यकलापों का सफल संचालन हो पाया है। संगठन की उपलब्धियां समाज के सामूहिक प्रयास एवं सहयोग से ही होती है। संपति संरक्षण मंडल के संयोजक श्री राज किशोर मोदी तथा समाज के वरिष्ठ सदस्यगण का विशेष आभारी हूँ जिनके अनुभव और सुझाव हमारे लिए प्रेरणा स्त्रोत रहे। अंकेक्षक श्री सुमीत अग्रवाल जी, (सी.ए.) जे.एन. अग्रवाल एण्ड कंपनी का में हहृय से आभारी हूं जिन्होंने सभा के प्रत्येक वितीय वर्ष का आंकेक्षण समय से करते आ रहे है। महिला समिति की पूरी टीम का मैं विशेष आभारी हूँ, जिन्होंने सभा के प्रत्येक कार्यक्रम को मूर्त रूप देने में मुझे एवं मेरी पूरी टीम को भरपूर सहयोग एवं स्नेह दिया। उपसमितियों के संयोजक एवं सहसंयोजक एवं समिति सदस्यों का आभार प्रकट करता हूँ, जिन्होंने सभा के विभिन्न आयोजनों, कार्यकलापों को संपन्न कर वृक्ष में माली की तरह पानी सींचने का कार्य किया एवं आज वट–वृक्ष की तरह समाज को मजबूत करने में अपना योगदान निरंतर दे रहे है। आप सभी का हृदय से आभारी हूँ।

परिचय सम्मेलन एवं सामूहिक विवाह के मुख्य संयोजक, पितामह श्री भागचन्द जी पोद्दार एवं उनकी पूरी टीम का आयोजन को सफल बनाने में भरपूर योगदान रहा। आप सभी का बहुत–बहुत आभार। जयन्ती संयोजक श्री नरेश बंका एवं आयोजन समिति के सभी सदस्यों का आभार प्रकट करता हूँ जिन्होंने अपनी पूरी निष्ठा एवं समर्पण भाव से समारोह को सफल बनाने में कोई कसर नहीं रखी। मैं आभारी हूँ सभा के ऐसे सभी समर्पित कार्यकर्ताओं का जो सभा के लगभग सभी कार्यों में परोक्ष रूप से अपना योगदान देते रहे है। मैं विशेष आभार व्यक्त करता हूं, नागरमल मोदी सेवासदन के अध्यक्ष, मंत्री एवं समस्त पदाधिकारीगणों का, जिन्होंने आवश्यकता पड़ने पर सभा को अनुभवी चिकित्सक, पारा मेडिकल की टीम, चिकित्सीय व्यवस्था के साथ निःशुल्क उपलब्ध कराती है।

समाचार पत्रों के पत्रकारों, छायाकारों, विजुिवल मिडिया, आकाशवाणी, दूरदर्शन एवं प्रिंट मीडिया का भी हदय से आभार प्रकट करता हूँ, जिन्होनें प्रमुखता से सभा की गतिविधयों को समाज तक पहुंचाया है एवं निरंतर पहुँचा रहे है।

पण्डित श्री दुर्गा प्रसाद जी सभा कार्यालय में नियमित रूप से कुल देवी की पूजा अर्चना कर रहे है, वे धन्यवाद के पात्र है। सभा के सेवाधारी, कर्मचारीगण, पुस्तकालयाध्यक्ष, इन सबों के प्रति विशेष आभार प्रकट करता हूँ। इन सभी का सहयोग बराबर मिलता रहता है, इनके अथक सहयोग के बिना मैं बिल्कुल अधूरा रहता हूं। मैं अपनी माँ, धर्मपत्नी, बच्चों एवं परिवारिक सदस्यगणों का आभार वयक्त करता हूँ, जिन्होंने सभा के कार्यो को करने में मुझे सहयोग एवं स्वतंत्रता प्रदान की है

प्रथम वर्ष के मेरे कार्यकाल में यदि जाने अनजाने में मुझेसे या मेरे विचारों या हमारी टीम के किसी सदस्यों से, किसी व्यक्ति को ठेस पहुंची हो तो मैं हदय से क्षमाप्रार्थी हूँ। **आगामी वर्ष में 2018–19** की तर्ज पर आपका साथ बना रहे। नई उपलब्धियों को छूनें में सदैव आपके स्नेह, सहयोग एवं आर्शीवाद का आकांक्षी ...........

अंत में आप सभी का बहुत –बहुत धन्यवाद।

सादर वंदे!    जय झारखण्ड!    जय समाज!    जय महाराजा अग्रसेन!

***कौशल कुमार राजगढ़िया***
मंत्री
**अग्रवाल सभा, राँची**

***मुस्कुराना, सन्तुष्टता की निशानी है, इसलिए सदा मुस्कुराते रहो।***